डिजिटल विलेज 'हरिसाल' के नाम पर जनता से धोखाधड़ी

लोकसभा युकां प्रमुख सागर देशमुख का आरोप

अमरावती : प्रेसवार्ता को संबोधित करते सागर देशमुख व उपस्थित अन्य पदाधिकारी.

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती - देश के पहले डिजिटल विलेज हरिसाल में देश-विदेश की नामचीन 18 कंपनियों ने निवेश किया है. गांव को डिजिटल बनाने के लिए स्वयं स्थानीय प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने विशेष ध्यान दिया था. लेकिन समय के साथ गांव को डिजिटल बनाने का दावा करने वाली भाजपा सरकार फेल साबित हुई है. गांव में न तो पर्याप्त बिजली है, न तो वाई-फाई है.

यहां दुकानों में लगाई स्वाईप मशीनें भी काम नहीं कर रही हैं. ऐसे पहले डिजिटल विलेज का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने जनता की आंखों में धूल झोंकी है. यह आरोप अमरावती लोकसभा के युकां अध्यक्ष सागर देशमुख ने लगाया है.

स्थानीय श्रमिक पत्रकार भवन में रविवार की दोपहर 2.30 बजे आयोजित प्रेसवार्ता में सागर देशमुख ने बताया कि मेलघाट के जिस हरिसाल को लेकर राज्य व देश की सरकार ने बड़े-बड़े दावे कर जीत का जश्न मनाया है, वह झूठा साबित

विधिमंडल में मांगेंगे 18 कंपनियों व सीएम से जवाब

हो रहा है. डिजिटल हरिसाल के नाम पर जिस युवक मनोहर खड़के का इस्तेमाल किया है. वह हरिसाल का निवासी नहीं है. बल्की ऑनलाइन सेंटर के नाम पर वह ऑयल बेचता है. गांव में वाई-फाई सुविधा है, लेकिन केवल वाई-फाई से गांव का भला होगा क्या, यह सवाल उठने लगा है.

गांव में ग्राम पंचायत का काम केवल कागजों पर ही चलने लगा है. कैशलेस व्यवहार की बात कही जाए तो गांव में अभी भी व्यवहार दिखाई नहीं देता. गांव में 18 कंपनियों का निवेश है, लेकिन बिजली 8-8 घंटे गुल रहती है, तो माइक्रोसॉफ्ट व अन्य कंपनियां यहां किस प्रकार से सेवा देती होंगी. इसकी कल्पना मात्र से ही अंदाजा होने लगा है. ऐसे में कंपनी केवल नाम के लिए ही पैसा खर्च कर रही है क्या, यह सवाल उठने लगा है.

राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मैं लाभार्थी इन विज्ञापनों का खुलासा कर उठ रहे सवालों का जवाब सरकार को देना चाहिए. गांव का जायजा लेने युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने गांव के लोगों से चर्चा करने पर आज भी वे बताए जाने वाली सेवाओं से वंचित होने की बात कही जा रही है.

गांव में शौचालय नहीं है. आज भी महिलाएं मिट्टी से बने चूल्हे पर खाना पकाती हैं. हरिसाल गांव में इतनी असुविधाएं होने के बाद भी शासन द्वारा झूठे विज्ञापन प्रकाशित कर लोगों की दिशाभूल की जा रही है. इसका विधिमंडल में सरकार से जवाब मांगा जाएगा. इसके लिए कांग्रेसी नेता आने वाले विधिमंडल अधिवेशन में हरिसाल की पोल खोलेंगे, यह जानकारी दी.

प्रेसवार्ता में सागर कलाणे, गौरव काले, आशीष यादव, सागर यादव, मुकेश लालवाणी, रवि कलाणे, पकंज मोरे, राहुल सोनवणे, सौरभ तिखिले अभिनव देशमुख, आकाश तायड़े, पृथ्वी सहारे प्रमुखता से उपस्थित थे.

चांदूर रेलवे-अमरावती मार्ग उखड़ा

हथेली पर जान रखकर आवागमन जारी, बड़ा टेंशन

संवाददाता, 19 नवंबर

चांदूर रेलवे - चांदूर रेलवे-अमरावती मार्ग गड्ढे में है या मार्ग में गड्ढे हैं? यह समझ में नहीं आ रहा. चांदूर रेलवे-अमरावती मुख्य मार्ग उखड़ने के कारण यहां से अमरावती अप-डाउन करने वालों को जान हथेली पर रखकर यह दूरी तय करनी पड़ रही है. जिससे लोगों में काफी परेशानी देखी जा रही है.चांदूर रेलवे के लोगों व तहसील के अन्य लोगों के लिए जीने का मुख्य मार्ग के नाम से अमरावती परिचित है. यहां का प्रत्येक व्यवसाय अमरावती शहर पर आधारित है. लेकिन खराब रास्तों के कारण इन दिनों चांदूर बाजार वालों का यह संपर्क टूटता नजर आ रहा है. खराब रास्तों से अमरावती अप-डाउन करना यानी लोगों के लिए मानो तार पर कसरत करने जैसा है. बता दें की शहर के बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी को रोजाना अमरावती तक सफर करना

चांदूर रेलवे : चांदूर रेलवे-अमरावती मार्ग की खस्ताहाल सड़क.

पड़ता है. सुबह 5 बजे सब्जी विक्रेता माल खरीदने अमरावती पहुंचते हैं. उसके बाद 7 बजे शाला, कॉलेज पहुंचने विद्यार्थियों का अमरावती पहुंचना शुरू हो जाता है. उसके 2 घंटे बाद सरकारी नौकरी पेशा व अन्य ड्यूटी के लिए अमरावती रवाना होते हैं. उसके बाद दोपहर में यहां के व्यवसायी दुकानों की खरीदारी करने अमरावती पहुंचते हैं. यही चक्र पुनः 4 बजे से वापसी की यात्रा का शुरू हो जाता है. आज तक कभी खराब नहीं हुआ, इतने बड़े प्रमाण में इस बार चांदूर रेलवे-अमरावती मार्ग फूट चुका है. इस मार्ग से वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है. चांदूर रेलवे के गजानन पेट्रोल पंप से सीधे चिरोड़ी-पोहरा तक यह रास्ता छलनी-छलनी बन चुका है. इसलिए गड्ढों से बचने के लिए वाहन चालक यातायात नियमों को तोड़कर कभी दाहिने साइड से तो कभी बाएं साइड से वाहन चलाता है. इसी वजह से हादसों का प्रमाण भी बड़ा है. चांदूर रेलवे-अमरावती मार्ग के बीच आधे रास्ते में कई रेती के ट्रक बंद पड़े नजर आते हैं. इतना ही नहीं, कई अच्छी स्थिति वाले वाहन भी खराब रास्ते के कारण फेल पड़ते यहां नजर आते हैं. इन सब मुश्किल मार्ग वाली हालात से लोग, वाहन चालक, यात्री सभी परेशान हैं. चांदूर रेलवे के लोगों के मन में खराब रास्ते के प्रति बड़ी चिढ़ व गुस्से की लहर फैली हुई है. यहां के खराब रास्तों के बारे में प्रतिक्रिया में सुनील अग्रवाल ने बताया कि कभी नहीं हुआ, इतना यह मार्ग अब खराब हो चुका है व्यावसायिक तौर पर उन्हें रोज अमरावती जाना होता है. मार्ग में गड्ढों से बचते हुए हादसा होने का भय मन में लगातार बना रहता है. 3 दिनों पूर्व यहां रेती के ट्रक की दुर्घटना हुई है. संबंधित विभाग को इस ओर ध्यान देना जरूरी है. लोनिवि के इंजी.नांदूरकर ने कहा कि तहसील के सभी रास्तों के गड्ढे पाटने का कार्य शुरू किया है. अमरावती मार्ग के गड्ढे पाटने का कार्य दो दिनों में शुरू हो रहा है. मार्ग की पूर्ण मरम्मत के लिए सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है, ऐसा भी नांदूरकर ने बताया.

कोकीन मामले में सुनवाई 22 को

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अकोला - कोकीन मामले में न्यायालय में पहुंची सुनवाई 22 नवंबर को होगी. 6 अक्टूबर को रेल स्टेशन इलाके में मुंबई से 22 ग्राम कोकीन समेत बालू हिरोले को स्थानीय अपराध शाखा ने निगरानी रखकर गिरफ्तार किया था. विक्की धनवानी के लिए वह उपरोक्त नशीला पदार्थ जेम्स नामक नाइजेरियन व्यक्ति से मुंबई से ला रहा था, ऐसा उसने पुलिस को बताया था. इस बारे में रामदास पेठ पुलिस थाने में अपराध दर्ज किया गया था. स्थानीय अपराध शाखा से यह मामला जांच के लिए रामदास पेठ पुलिस थाना में ट्रान्सफर किया गया था. 7 तारीख को ही विक्की धनवानी को न्यायालय ने गिरफ्तारी पूर्व जमानत मंजूर की थी, उसके बाद रमेश संतानी को भी जमानत मिली थी. तब से यह दोनों गिरफ्तारी पूर्व जमानत पर हैं. न्यायालय के आदेशनुसार उन्होंने नियमित पुलिस थाना में हाजिरी लगाई थी. इसी दौरान मुंबई से नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने वाले जेम्स को भी गिरफ्तार कर अकोला में लाया गया था. वह फिलहाल न्यायालयीन कस्टडी में है. उसकी ओर से न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया गया है. फिर भी रामदास पेठ पुलिस ने इसकी जमानत की अर्जी पर आपत्ति जताई है. उसका वीजा गत फरवरी माह में ही खत्म हो चुका है. वह मुंबई इलाके में गैरकानूनी तौर पर रह रहा था. इस बात पर पुलिस ने न्यायालय का ध्यान बंटाया था. उसका पासपोर्ट जब्त करने की विनती न्यायालय से पुलिस द्वारा की गई है.

कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी जयंती

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती - भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती का कार्यक्रम अमरावती जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के जिलाध्यक्ष अनिरुध्द उर्फ बबलू देशमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत में स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा का पूजन कर दीप प्रज्वलन किया गया. कार्यक्रम का प्रस्ताविक नितिन गोंडाणे (जिप अध्यक्ष) ने किया.

अध्यक्षीय भाषण में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बबलू देशमुख ने कहा कि स्व.इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद के कार्यकाल में भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दृष्टि से सर्वप्रथम 14 प्रमुख व्यवसायी बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया. दलित, आदिवासी व ग्रामीण महिला विकास के लिए नये मंत्रालयों का निर्माण किया. गरीबी का निर्मूलन, बेरोजगारों के लिए रोजगार निर्माण योजना चलाई. स्व.इंदिरा गांधी ने देश

अमरावती : इंदिरा गांधी की जयंति मनाते बबलू देशमुख व अन्य कार्यकर्ता.

के लिए दिए बलिदान का योगदान महत्वपूर्ण साबित हुआ, ऐसे विचार देशमुख ने रखे.

जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रा. प्रकाश कालबांडे ने भी स्व.इंदिरा गांधी के प्रति अपने विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम में प्रा.भैय्यासाहब मेटकर, जयंत देशमुख, प्रल्हाद ठाकरे, उषा उताणे, श्रीराम नेहर, संजय मापले, संजय वानखड़े, संजय लायदे, हेमंत येवले, प्रदीप देशमुख, लोकसभा यु.कां.क.अध्यक्ष बबलू बोबड़े, भागवत खांडे, बापूराव गायकवाड़, बिट्टू मंगरोले, बच्चू बोबड़े, सतीश धोंडे, दिलीप तायड़े, विठ्ठल सरड़े, बाबाराव कडू, सुभाष पाथरे, मुजफ्फर मामू, अमोल भारसाकले, विनोद धुंडियाल, विशाल भट्टड़, समाधान दहातोंडे, ऋषि मेटकर, शुभम मुले, गौरव सोलवे आदि कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री मांगें माफी

नाभिक समाज की मांग

संवाददाता, 19 नवंबर

तिवसा - पुणे जिले के पाटस में एक शक्कर कारखाना के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने नाभिक समाज को आहत करने वाली बात कही, इसलिए तिवसा तहसील नाभिक समाज ने 18 नवंबर को सलून दूकानें बंद रखकर मुख्यमंत्री फड़णवीस का निषेध किया. मुख्यमंत्री द्वारा माफी न मांगने पर पूरे राज्य में तीव्र आंदोलन करने की चेतावनी नायब तहसीलदार राठौड़ को सौंपे ज्ञापन में नाभिक समाज ने दी है.

ज्ञापन देते समय संजय वाट, सचिन धानोरकर, प्रमोद वाट, गजानन खरोटे, पांडुरंग केदारकर, बालासाहब वाट, सागर वाट, नीलेश वाट, इशांत धानोरकर, राहुल वाट, किशोर मीरासे, गजानन मिरासे, प्रवीण धानोरकर, विनोद धानोरकर, राहुल वाट, दिपक धानोरकर, नीलेश पाणबुडे, पंडित वाट, विलास राऊत, गजानन वाट आदि उपस्थित थे.

अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

संवाददाता, 19 नवंबर

वरुड - नजदीकी सावंगी में अवैध तरीके से देशी शराब की बिक्री करने वाले कैलाश रामराव कुरवाले को वरुड़ पुलिस ने हिरासत में लेकर उससे 2800 रु. की देशी शराब व दुपहिया वाहन सहित कुल 37,880 रु. का माल जब्त किया है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सावंगी में देशी शराब बेची जा रही है, ऐसी गुप्त सूचना पर थानेदार गोरख दिवे ने सहयोगियों गजानन गिरी, उमेश ढेवले, शेषराव कोकरे के साथ सावंगी पहुंचकर जाल बिछाकर कैलाश कुरवाले को माल समेत हिरासत में लिया. इस कार्रवाई से अवैध शराब विक्रेताओं में हड़कंप मचा है.

वरुड : गिरफ्तार आरोपी व जब्त शराब के साथ पुलिस.

रामचंद्र कटारिया का मरणोपरांत नेत्रदान

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अकोला - पूज्य संख्खर पंचायत के अध्यक्ष, सिंधु सीनियर सिटिजन के कोषाध्यक्ष, झूलेलाल धर्मशाला के अध्यक्ष, समाजसेवी एवं होलसेल व्यवसायी रामचंद टिक्योमल कटारिया का निधन गुरुवार, 16 नवंबर को हुआ है. उनका अंतिम संस्कार गुरुवार की शाम बजे किया गया. मरणोपरांत उनके परिजनों द्वारा उनके नेत्र दान किए गए. हंसमुख स्वभाव के रामचंद कटारिया झूलेलाल योग समिति के सदस्य भी थे.

वे अपने पीछे 2 भाई एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं.

वकील ने युवक को पीटा

रामदास पेठ पुलिस में मामला दर्ज

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अकोला - न्यायालय परिसर में रुपयों के लेन-देन के कारण अधिवक्ता समेत अन्य चार-पांच लोगों ने एक युवक को पीटने का मामला 16 नवंबर को हुआ. इस मामले में रामदास पेठ पुलिस थाना में सुनील चांडक ने दी हुई शिकायत पर पुलिस ने गैर अर्जदारों के खिलाफ भादंवि की विविध धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर अगली जांच शुरू कर दी है.

रुपयों के कारण पर सुनील कमलकिशोर चांडक, अधि.सुमित बजाज, सुरेश अग्रवाल के बीच गत कई दिनों से विवाद जारी है. उसके बाद यह मामला न्यायालय में दायर किया गया है. फिलहाल वह न्यायालय में विचाराधीन है. 16 नवंबर को इसी मामले की तारीख व सुनवाई थी. इसलिए सुनील चांडक हमेशा की तरह न्यायालय पहुंचे थे. अर्जदार चांडक यह न्यायालय के पार्किंग स्थल पर खड़े थे, इसी समय मामले के गैरअर्जदार सुरेश अग्रवाल (गजानन वाटीका क्र.1 बालापूर रोड) व अधि.सुमित बजाज (बालाजी नगर) समेत अन्य अज्ञात 3-4 लोगों ने अर्जदार चांडक की कॉलर पकड़कर उन्हें लात-घूसों से पीटा. पैसे वापस न लौटाये तो सुनील चांडक को जानसे मारने की धमकी गैरअर्जदारों ने दी है, ऐसा शिकायत में कहा गया है. इस मामले में रामदास पेठ पुलिस थाने में शिकायत की गई है. पुलिस ने उपरोक्त गैरअर्जदारों के खिलाफ भादंवि की धारा 323,504,506 के तहत अपराध दर्ज किया है. रामदास पेठ पुलिस मामले की जांच कर रही है. इसी दौरान अधि.सुमित बजाज ने इसी मामले की शिकायत रामदास पेठ पुलिस थाने में दी. इस मामले के अर्जदारों ने किये हुये आरोपों का उन्होंने खंडन किया.

दुर्घटना में युवक की मृत्यु

प्रतिनिधि, 19 नवंबर

अमरावती - गाड़गे नगर पुलिस थाना अंतर्गत न्यू हनुमान नगर निवासी 40 वर्षीय राजेश रामानुज पाल की मामूली दुर्घटना में उपचार दौरान मृत्यु हुई.

गत 26 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे के दौरान अपने एक मरीज परिजन से मिलने राजेश इर्विन अस्पताल जा रहा था. शराब के नशे में रहने से वह अस्पताल परिसर में गिर पड़ा. उसे इर्विन में भर्ती किया गया. पश्चात 30 अक्टूबर को नागपुर मेडिकल अस्पताल में रेफर किया गया.

शनिवार की शाम उसकी उपचार के दौरान मृत्यु हुई. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

CENTRAL RAILWAY

E-TENDER NOTICE NO. DRM (W) BHUSAWAL/67/2017

The Divisional Railway Manager (Works), Central Railway, Bhusawal for & on behalf of President of India invites **E-TENDER** from registered Tenderers on website **www.ireps.gov.in** for the following work. **(1) Name of Work :-** (E-TENDER NO.DRM W bsl 67 2017 t1) (Short Name) **(1)** Bhusawal Division - Proposed elimination of Manned Level Crossing No. 30/C at Kms. 555/5-7 by providing Segmental Box of size 5.0m x 4.50m by Cut & Cover method on Akola-Shegaon Section. **(2)** Proposed elimination of Level Crossing No. 02 at Kms. 453/26-28 (453.860) by providing Subway (LHS) of size 4.00 m x 3.50 m @ Kms. (454/010) by Cut & Cover method and connecting road of length of 130m on Bhusawal-Badnera section. **(3)** Senior Division Engineer (east) Section :- Improvement to road surface of Level Crossing Nos. 28, 29, 32A, 31, 32, 33, 35, 36C in Akola-Shegaon Section. **(4)** Bhusawal Division-Provision of standard Height gauge at RUB/Bridge. Nos. 371/5, 443/2 (2nos BSL-PC Sect.), 673/0-1 (1 nos New Amravati-CNDB Sect.), 449/1A (1 Nos Bhusawal-Varangaon Section), 267/2 (1nos MMR/PW Sect.), 278/1 (1 nos Manmad-Chalisgaon Sect.) as per RDSO standards on various level crossings on Sr. DEN (South/North/East) Section. **(i) Approx. Cost :-** Rs. 5,01,48,148.77, **(ii) Earnest Money :-** Rs. 4,00,750. **Notes :- (I)** Tender Closing Date Time of aforesaid tender up to 15.00 Hrs. of 22/12/2017. **(II)** The prospective tenderers are requested to visit the website : **www.ireps.gov.in**. For details of tenders & Corrigendum, if any. **(III)** The tender notice is also displayed on **Notice Board** of DRM (W) Office, Bhusawal. **(IV)** Tenderer may participate in above E-tender electronically through website **www.ireps.gov.in** only & submission of manual offers against e-tender are not allowed & if any manual offers submitted shall neither be opened nor considered. **(V)** The cost of tender document & EMD can be paid through on Line payment mode like net banking, debit/credit cards etc. available on IREPS portals & Cost of Tender Booklet & EMD Exempted to certain firm as given in Tender document.

All India Passenger Helpline 138

जन्मदिन पर विशेष

सकारात्मक विचारों के धनी समीर अहमद गुलाम जिलानी

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हमेशा आगे बढ़ते ही रहते हैं. इतना ही नहीं, वे अपने व्यक्तिमत्व की खुशबू भी दूर-दराज तक पहुंचाते हैं. उन्हीं में से एक इंसान हैं जनाब समीर अहमद गुलाम जिलानी.

एक बहुत ही साधारण परिवार में जन्मे व बहुत ही प्रतिकूल हालात में कठोर परिश्रम कर शून्य से संसार का निर्माण करने वाले, सकारात्मक विचारों के धनी, कथनी एवं करनी को जीवन में अहम स्थान देने वाले समीर भाई आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं. जीवन को चुनौती के रूप में स्वीकार कर खिलाड़ी की तरह जीने वाले विनम्र किंतु जिद्दी स्वभाव के समीरभाई सभी वर्गों के गरीब, शोषित, पीड़ित, लाचार व जरूरतमंदों लोगों को सहायता करने में हमेशा तत्पर दिखाई देते हैं. उनके सामाजिक व व्यक्तिगत जीवन में असफलता नामक शब्द भी नहीं है. अपनी बहुमुखी प्रतिभा के बल किसी को भी आकृष्ट कर लेना इनकी खास विशेषता है. अपनी कुशलता के बल पर वे हर समस्या का समाधान बखूबी खोज निकालते हैं. अपने मिलनसार व विनम्र स्वभाव के चलते समीरभाई लोकप्रियता की नई ऊंचाईयों को छू रहे हैं. समाज के सभी वर्गों को एकजुट कर इन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य समीरभाई बखूबी कर रहे हैं. दोस्तों में सदैव रमने वाले, परेशानी में किसी के लिए भी दौड़ने वाले उनके मिलनसार व्यक्तिमत्व व सच्ची हमदर्दी के कारण की उन्होंने जनमानस में अपनी विशेष छाप छोड़ रखी है.

उनके फ्रेजरपुरा बाईपास मार्ग स्थित छोटे से किंतु अति सुंदर कार्यालय में हमेशा पीड़ित, लाचार व समस्याग्रस्त लोगों का हुजूम सा लगा रहता है. अनेक लोग अपनी समस्या व परेशानी लेकर पहुंचते हैं व समीरभाई उनकी समस्याओं को हल कर ही सांस लेते हैं. उनका कहना है कि उनकी दुवाओं से ही उनकी दुनिया रोशन है. इस सरल इंसान ने अपने जीवन में काफी उतार-चढ़ाव देखे हैं. सदा दूसरों के बारे में सोचने वाले समीरभाई जरूरतमंद लोगों में सत्कर्म का पर्याय बन चुके हैं. उनके बहुमुखी व्यक्तिमत्व ने हमारे मानसपटल पर जो स्वर्णिम छाप छोड़ी है वह हमेशा प्रकाशवान व अमिट रहे.

हम सब खुदा से उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य व उनकी लंबी उम्र की दुआ करते हैं. आज उनके जन्मदिन पर उन्हें ढेरों शुभकामनाएं.

अंत में यह लाइनें उनके लिए समर्पित

एक कतरा ही सही,
मुझे ऐसी नियत दे मौला
किसी को प्यासा जो देखूं
तो दरिया हो जाऊं

चंदू चौधरी
फ्रेजरपुरा, गवलीपुरा,
अमरावती

CLASSIFIEDS

नोकरी विषयक चाहिए

चाहिए-1 Post-कॉम्प्युटर ऑप. (लडकी), 1 Post-रिसेप्शनिस्ट (लडकी), 2 Post-मार्केटिंग Exe. (लडका), 2 Post-कलेक्शन Boy (लडका), संपर्क-मेधा मार्केटिंग, मालू कॉम्प्लेक्स, फरशी स्टॉप, अम. 8999545992

महिला कॉम्प्युटर टीचर-ब्लू स्कॉय कॉम्प्युटर एज्युकेशन सेंटर के लिए महिला कॉम्प्युटर टीचर चाहिए, संपर्क-9766295692, पत्ता-वाहेद खान, डी.एड. कॉलेज के सामने, अम.

पाहिजे-टॅली डाटा एन्ट्री अकाऊंटंट, कॉम्प्युटर ऑपरेटर, सिर्फ लडकियां, पार्ट टाईम/ फुल टाईम, टॅली का पूर्ण ज्ञान रहना आवश्यक, शिक्षण-बी. कॉम, एम. कॉम. संपर्क-9403866781, 8308682720, 9422155027

चाहिए- रोटरी क्लब ऑफ अमरावती मिडटाऊन के मेमोग्राफी ॲम्बुलन्स बस हेतु मॅनेजर (पुरुष) की आवश्यकता है. पात्रता - ग्रॅज्युएट व कम्प्युटर ज्ञान अनिवार्य. मिलने का समय - सोमवार 20 नवम्बर सुबह 11 से 1 बजे तक. राजु मुंधडा अक्षर संचय, सावजी मार्केट, रायली प्लॉट, अमरावती मो. 9326977733

Wanted-Sale Executive For Laptop-1, For Furniture-1, Accountant-1, Driver-1, Poonam Samsung Plaza, Timing- 2pm-4 pm, Call-9930094691

प्रापर्टी विषयक भाडे से देना है

Available On Rent-1200 Sq. Foot Ground Floor, 1600 Sq. Foot 1st Floor, 1600 Sq. Foot 2nd floor, opp. Dushhara Ground Busides Domino's Badnera Road, Amt. Cont.-7020283048, 9373979155

DBG DAIRY FARMS
100% प्राकृतिक, शुध्द व ताजे संपूर्ण दुध
DBG MILK
Wave of Purity
डीबीजी मिल्क डेअरी
रेल्वे ब्रिज जवळ, नेहरु मैदान राजकमल चौक, अमरावती
94228 31183

WANTED
Supervisor -02
Team Leader -04
Computer Teacher -05
-: Contact:-
SIMAK IT Pvt.Ltd.
3rd floor Datta Palace, Gandhi Chowk, Amravati,
0721-2566974
9130849104

प्रापर्टी विषयक बेचना है

फॅक्टरी विकणे आहे-नांदगाव पेठ एमआयडीसी मधील 5000 चौ. फुट च्या A-211/1 क्र. च्या भुखंडावर 3800 चौ. फुट बांधकाम असलेली फॅक्टरी विकणे आहे, संपर्क-9823454520

मौकेशिर प्लॉट्स विकणे आहे-रामज्योत नगर (गडगडेश्वर परिसर)-1350 व 900 फुट, गुरुकृपा विहार-825 फुट, वासनकर ले आऊट-2200 फुट, ललिता विहार-1000 व 1200 फुट, व्यास लेआऊट-2130 फुट, संपर्क-रामकिशोर करवा, करवा इस्टेट कन्सलटंसी, मोनालिसा कॉम्प्लेक्स, राजापेठ पोलीस स्टेशन समोर, अमरावती, 2571618, 9404883345

क्लासेस

क्लासेस

शिबानी कुकींग क्लासेस-फुल कुकींग नई बॅच 15 ता. से, एगलेस केक, चाकलेट, ढाबा स्टाईल वेज, रेस्टॉरेन्ट वेज, चाइनिज, पुलाव व बिरयानी, सलाद डेकोरेशन, 9422663826, 7030880220

बेचना है

बेचना है- किचन फर्निचर सुसज्ज स्थिती में, ऑफिस टेबल, कपाट और अन्य साहित्य शीघ्र बेचना है. संपर्क-9823104555

प्रापर्टी विषयक बुकिंग

फ्लॅट बुकिंग - 1BHK/ 2BHK/ श्री राधाकृष्ण रेसिडेन्सी, पुष्पक कॉलनी, महाकाली मंदिर के पीछे, गणेश कॉलनी के आगे अमरावती,9766783844 9422856485, 9423425734

श्री साईदर्शन रेसीडेंसी-2 BHK लक्झरीस् फ्लॅट विथ लिफ्ट, प्लॉट नं. 121, सामरा नगर, एमआयडीसी रोड, अमरावती बुकिंग के लिए संपर्क-मो. 9545993919, 9404517030

सिंगर

प्लेबॅक सिंगर उपलब्ध-बर्थ डे, किटी पार्टी, शादी या रिसेप्शन हो या कोई भी कार्यक्रम को प्लेबॅक सिंगर सागर को बुक करके अपने कार्यक्रम को यादगार बनाइये. संपर्क सागर, 9423410111

सिनेमा विषयक

शासनमान्य चित्रपट सर्व शाळा मध्ये दाखविण्या करिता अमरावती जिल्ह्यातील प्रत्येक तालुक्यामध्ये एजेन्सी देणे आहे, संपर्क मो. 7758031786, 9423622376

प्रतिदिन अखबार
क्लासिफाईड
-: संपर्क :-
8379911166